Regarding need to construct Pit Line at Chittorgarh Junction Railway Station in Rajasthan- laid

श्री चन्द्र प्रकाश जोशी **(चित्तौड़गढ़) :** मेरे संसदीय क्षेत्र चित्तौड़गढ़ में पश्चिम रेलवे के रतलाम मण्डल का अतिमहत्वपूर्ण स्टेशन चित्तौड़गढ़ जंक्शन स्थित है । यहाँ से चारों दिशाओं में उदयपुर, अजमेर, कोटा, रतलाम के लिये रेलों का आवागमन होता हैं । इसके साथ ही यह मालगाड़ियों के लिये भी अतिमहत्वपूर्ण स्टेशन है । चित्तौड़गढ़ एक औद्योगिक एवं ऐतिहासिक नगरी है। इस कारण से यहाँ लाखों पर्यटक आतें हैं । यहाँ के स्टेशन पर रेलवे की पिट लाईन के नहीं होने के कारण यहाँ से किसी गाड़ी को प्रारंभ करना व्यवहारिक नही हो पा रहा है । यहाँ के लिये भरपूर यात्री भार के पश्चात भी पिट लाईन के नही होने से वाशिंग व सफाई आदि के लिये कोई गाड़ी यहाँ से प्रारंभ या टर्मिनेट नही हो पाती है । अतः इस संबध में मेरा सरकार से अनुरोध है कि चित्तौड़गढ़ जं. रेलवे स्टेशन पर पिट लाईन का निर्माण करवाया जाये जिससे यहाँ से अन्य रेलगाड़ियों के प्रारंभ होने की राह प्रशस्त हो पाये ।